03 चरणों में की जाएगी बी-फार्मा, एम-फार्मा, फार्मा-डी प्रवेश के लिए आनलाइन काउंसलिंग

23 से 25 नवंबर के बीच प्रवेश लेने वाले छात्रों को संस्थान आवंटित किए जाएंगे

फार्मेसी : 2500 सीटों के लिए काउंसलिंग शुरू

पीसीआइ की अनुमति के बाद शुरू की गई प्रक्रिया, बी-फार्मा, एम-फार्मा, फार्मा-डी में दिए जाएंगे प्रवेश

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) ने फार्मेसी पाठ्यक्रम की ढाई हजार सीटों के लिए काउंसलिंग शुरू कर दी है। फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (पीसीआइ) ने देशभर के सभी संस्थानों को फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति दे दी है। जिसके बाद यूटीयू ने संबद्ध सभी स्ववित्तपोषित संस्थानों के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम जारी किया है।

विवि के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि विवि से संबद्ध संस्थानों में बी-फार्मा, एम-फार्मा, फार्मा-डी के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले तीन चरणों की आनलाइन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद रिक्त सीटों पर स्पाट काउंसलिंग 16 नवंबर से प्रारंभ होगी। 23 से 25 नवंबर के बीच प्रवेश लेने वाले छात्रों को संस्थान आवंटित किए जाएंगे।

इसलिए फार्मेसी की अलग से की जा रही काउंसलिंग : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि से संबद्ध संस्थानों में जो पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर तीन नियामक आयोग अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) से तकनीकी पाठ्यक्रम, बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआइ) से संबंधित विषयों और फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (पीसीआइ) से फार्मेसी पाठ्यक्रम की अनुमति लेनी होती है। इस बार पीसीआइ ने चालू सत्र में देश के किसी भी संस्थान को पीसीआइ पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता नहीं दी, जिससे यूटीयू ने अन्य पाठ्यक्रमों में मई-जून में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की। अब अनुमति मिलने के बाद फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जा रहे हैं।

यह हैं महत्वपूर्ण तिथियां

प्रथम काउंसलिंग
पंजीकरण : 11 अक्टूबर
सीट आवंटन : 16 अक्टूबर
संस्थान में उपस्थिति : 17 से 10 अक्टूबर

द्वितीय काउंसलिंग
पंजीकरण : 21 अक्टूबर
सीट आवंटन : 28 अक्टूबर
संस्थान में उपस्थिति : 29 से 31 अक्टूबर

तृतीय काउंसलिंग
पंजीकरण : 04 नवंबर
सीट आवंटन : 11 नवंबर
संस्थान में उपस्थिति : 12 से 14 नवंबर

काउंसलिंग के लिए निर्देश

- अभ्यर्थी उच्च माध्यमिक परीक्षा 12वीं पास किया हो, प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।
- दो छात्रों के 12वीं में प्राप्तांक यदि समान हुए तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवेश में वरियता दी जाएगी।
- सीट आवंटन के दौरान प्रथम वरियता डिप्लोमाधारी को दी जाएगी, इसके बाद 12वीं उत्तीर्ण को प्रवेश दिया जाएगा।
- एम-फार्मा में प्रवेश के लिए पीसीआइ के मानकों के अनुसार स्नातक परीक्षा पास की हो।
- एम-फार्मा पाठ्यक्रमों में ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) के सफल अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

देहरादून जू घूमने पहुं

साइंस सि

जागरण संवाददाता,
भ्रमण पर देहरादून
गांधी आवासीय ब
चगेठी अल्मोड़ा की
का ठिकाना नहीं र
साइंस सिटी में उन्हों
तो वह उत्साहित हो

सुदूरवर्ती क्षेत्र
राजधानी क्षेत्र देखने
अनुभव था। जिसक
यात्रा और थकान के